श्री पुरन लाल टुडू, माननीय स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या– 18/2/2716 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि :–	
क्या यह बात सही है कि बांका जिला के बौसी प्रखंड अन्तर्गत स्थित चांदन डैम में अत्यधिक गाद जमा हो जाने के कारण जल प्रवाह बाधित हो रहा है जिससे बाढ़, जल–जमाव एवं कृषि भूमि के उपज में समस्या उत्पन्न हो रही है, यदि हां, तो सरकार कब तक चांदन डैम के गाद की सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?	स्वीकारात्मक। वस्तुस्थिति यह है कि :– • बांका जिलांतर्गत लक्ष्मीपुर ग्राम के निकट चांदन नदी पर निर्मित चांदन जलाशय का निर्माण वर्ष 1967 में कराया गया था। इस जलाशय में भारी मात्रा में गाद जमा होने के कारण इसकी वर्तमान जल संचयन क्षमता इसकी रूपांकित क्षमता से 65 प्रतिशत तक कम हो गयी है। • दिनांक 27.02.2025 को सिंचाई प्रमंडल, बौंसी द्वारा चांदन जलाशय का ड्रेजिंग के माध्यम से डिसिल्टेशन कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 03SBD/2024-25 प्रकाशित की गयी थी, जिससे बिहार सरकार को 10 वर्षो की अवधि में 75.36 करोड़ रुपये के राजस्व की प्राप्ति होने की संभावना थी। • परन्तु इस योजना कार्य के विरूद्ध माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण, पूर्वी क्षेत्र, कोलकाता में O.A. No. – 76/2025/EZ तथा O.A. No. – 77/2025/EZ दायर किये जाने के फलस्वरूप विषयांकित निविदा को रद्द करना पड़ा। वर्णित मामला वर्तमान में माननीय NGT में विचाराधीन है।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–04–13 / 2026 पटना / दिनांक ....

प्रतिलिपि :–उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–18 / 2 / 2716 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–04–13 / 2026 पटना / दिनांक :..

प्रतिलिपि : उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–04–13 / 2026 पटना / दिनांक :..............................

प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, अंचल–3, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–04–13 / 2026 1565 पटना / दिनांक :19/3/26

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/3/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव